22/03/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए देश में किसी निर्वाचित सरकार के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रमुख बनने का गौरव प्राप्त किया है। इसके साथ ही उन्होंने सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग का 8,930 दिनों का रिकॉर्ड पार कर लिया है। श्री मोदी ने अब तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में कुल 8,931 दिन पूरे कर लिए हैं और वे अपने नेतृत्व के पच्चीसवें वर्ष में प्रवेश कर चुके हैं। अपने राजनीतिक करियर के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण रिकॉर्ड बनाए हैं, जिनमें गुजरात के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने और मुख्यमंत्री के रूप में सबसे अधिक अनुभव रखने वाले प्रधानमंत्री होना शामिल है।

0000000000000000000000000

रूसी कच्चा तेल लेकर जा रहा पोत ‘एक्वा टाइटन’ कर्नाटक के मंगलुरु पहुंच गया है। यह घटनाक्रम उस समय हुआ है जब अमेरिका ने गुरुवार को एक अस्थायी सामान्य लाइसेंस जारी किया, जिससे समुद्र में रुके रूसी कच्चे तेल की बिक्री की अनुमति दी गई है, ताकि पश्चिम एशिया के तनाव के बीच वैश्विक ईंधन कीमतों को स्थिर किया जा सके।

वहीं, अमेरिका से एलपीजी लेकर आया एक अन्य कार्गो जहाज ‘पिक्सिस (Pyxis) पायनियर’ भी मंगलुरु बंदरगाह पर सफलतापूर्वक पहुंचा। इससे पहले भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर ‘नंदा देवी’ गुजरात के वाडिनार बंदरगाह पहुंचा था, जो इस सप्ताह पश्चिमी तट पर पहुंचने वाला दूसरा एलपीजी वाहक है। एवं ‘शिवालिक’ मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंचा था।

0000000000000000000000000

ग्रामीण विकास, पंचायती राज एवं सहकारिता राज्य मंत्री ओजिंग तासिङ ने आज ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट स्थित इंडिपेंडेंट गोल्डन जुबिली गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में ग्राम बंधु परियोजना का शुभारंभ किया। यह परियोजना पंचायती राज मंत्रालय के पुनर्गठित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान 2025-26 के अंतर्गत एक नवाचारपूर्ण आय वृद्धि पहल है। इस अवसर पर श्री तासिङ ने ईस्ट सियांग जिले के बीस स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को बीस ई-रिक्शा/कार्ट की चाबियां वितरित कीं। परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देते हुए, रोजगार सृजन करना तथा पर्यावरण-अनुकूल परिवहन के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश ऑप्टोमेट्री (Optometry) एसोसिएशन ने आज ओजू मिशन वेलफेयर एसोसिएशन परिसर में “A Shared Vision: Collaboration in Global Eye Care” थीम के तहत विश्व ऑप्टोमेट्री

दिवस 2026 का आयोजन किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए डॉ. ताबा खाना ने आंखों की देखभाल सेवाओं को मजबूत करने और रोके जा सकने वाले अंधत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सेवा की भावना के तहत खाद्य सामग्री का वित्रण भी किया गया। आयोजन का उद्देश्य नेत्र स्वास्थ्य, ऑप्टोमेट्रिस्ट की भूमिका और गुणवत्तापूर्ण दृष्टि सेवाओं की उपलब्धता के प्रति जागरूकता को बढावा देना था।

0000000000000000000000000

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से सियांग ट्रस्ट द्वारा लोअर सियांग जिले के कोयू में शनिवार को एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कोयू और आसपास के क्षेत्रों के लोग लाभांवित हुए। चिकित्सा दल में डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ. लिंकोद मोयोंग, सेवानिवृत्त अतिरिक्त निदेशक डॉ. सैबल भट्टाचार्य और डॉ. रूनी तासुंग, तथा दंत चिकित्सक डॉ. अनिमेष भट्टाचार्य सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे। कुल पचासी मरीजों, जिनमें वरिष्ठ नागरिक भी शामिल थे, सभी का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सियांग ट्रस्ट राज्य के दूरदराज के क्षेत्रों में ऐसे शिविरों का लगातार आयोजन कर रहा है और भविष्य में भी इस तरह की पहल जारी रखने की योजना है।

0000000000000000000000000

निरजुली स्थित NERIST के एनसीसी इकाई ने आज अपने वार्षिक एनसीसी महोत्सव **“शौर्य 2026”** के प्रथम संस्करण का शुभारंभ किया। यह आयोजन विभिन्न क्षेत्रीय संस्थानों के एनसीसी कैडेट्स को एक मंच पर लाकर नेतृत्व, ईमानदारी और अनुशासन जैसे मूल्यों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करता है। महोत्सव का उद्देश्य कठोर अभ्यास और सामूहिक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं में आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना है। आयोजकों ने कहा कि “शौर्य 2026” कैडेट्स को प्रेरित करने के साथ ही राष्ट्र निर्माण में एनसीसी की भूमिका को भी उजागर करेगा।

0000000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 17 जिलों ईस्ट कामेङ, वेस्ट कामेङ, पाके केसाङ, पापुम पारे, कुरुङ कुमे, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, लोअर सियाङ, लेपा रादा, ईस्ट सियाङ, दिबाङ वैली, लोअर दिबाङ वैली, लोहित, नामसाइ, चाङलाङ, तिराप और लोङदिङ के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

0000000000000000000000000

और बीसीसीआई ने जून में आयरलैंड दौरे के लिए भारतीय पुरुष सीनियर टीम के दो मैचों की टी-20 इंटर्नेशनल श्रृंखला का कार्यक्रम घोषित किया है।

टीम इंडिया छब्बीस जून को बेलफास्ट में पहला टी-20 आई मुकाबला खेलेगी। इसके बाद दूसरा और अंतिम मैच अट्ठाइस जून को उसी मैदान पर खेला जाएगा।

0000000000000000000000000